कार्यालय अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध कमिश्नरेट वाराणसी।

दिनांक : 23.10.2024

प्रेस नोट

मिशन शक्ति(फेज-5.0) अभियान के अन्तर्गत ममता रानी अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा सनबीम इंगलिश स्कूल भगवानपुर, थाना लंका, वाराणसी में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े कानून/हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री मोहित अग्रवाल व **श्रीमान पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्री प्रमोद कुमार** के निर्देशन व **ममता रानी अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध** के कुशल पर्यवेक्षण में **"मिशन शक्ति" का 90 दिवसीय विशेष अभियान (फेज-5.0), 03 अक्टूबर, 2024 से प्रारम्भ)** कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा **व्यापक प्रचार-प्रसार** के साथ चलाया जा रहा है।

मिशन शक्ति(फेज-5.0) के अन्तर्गत चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के क्रम में **आज दिनांक 23.10.2024** को **ममता रानी अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध, कमिश्नरेट वाराणसी** द्वारा **मिशन शक्ति/एण्टी रोमियो की संयुक्त टीम** के साथ **सनबीम इंगलिश स्कूल भगवानपुर, थाना लंका** में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत छात्राओं को **महिला सुरक्षा, वूमेन पॉवर लाइन, साइबर अपराध, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न आदि पर आधारित लघु फिल्मों के माध्यम** से उनकी सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा की गयी तथा विभिन्न **हेल्पलाइन नंबरों- वूमेन पॉवर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102** आदि के बारे में जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति/एण्टी रोमियो टीम द्वारा उ0प्र0 शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये **मिशन शक्ति(फेज-5.0)** अभियान से सम्बन्धित **पम्पलेट छात्राओं को वितरित** किया गया।

अपर पुलिस उपायुक्त
महिला अपराध
कमिश्नरेट वाराणसी।